ई, मेल : dforudraprayag@gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 :– 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाड़ी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

**पत्रांक–** 1273 / 12-1(2) **दिनांक** 13/10 **/2022::**

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
रुद्रप्रयाग।

**विषय :–** **जनपद–रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत चोपड़ा उडामाण्डा (पी.एम.जी.एस.वाई.) मोटर मार्ग से बनवालधार (जरम्वाड़) होते हुये बैंजी कार्ण्डई (अनू0 बस्ती) तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.175 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में।**
**PROPOSAL NO.-FP/UK/ROAD/155241/2022**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग के चयनित संरेखण का अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 12.10.2022 को स्थलीय निरीक्षण किया गया, निरीक्षणोपरान्त प्रकरण में निम्न कमियां पाई गई।

1. प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–9 विभिन्न विकल्पों का तुलनात्मक विवरण, उसके निरस्त किये जाने का कारण प्रमाण पत्र में वैकल्पिक संरेखण में उल्लेख किया गया है कि स्लाइड जोन होने एवं ग्रामीणों की असहमति के कारण उक्त संरेखण को उपयुक्त/चयनित नहीं किया गया, जबकि मौके पर यह पाया गया कि वैकल्पिक संरेखण में भूमि एवं मोटर मार्ग की लम्बाई कम प्रभावित हो रही है। अतः उक्त के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुये तथ्यात्मक विवरण दें।
2. प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–9 में वैकल्पिक संरेखण में प्रभावित वृक्षों की संख्या 100 अंकित की गई है, किन्तु सूची संलग्न नहीं की गई है। अतः उक्त प्रभावित वृक्षों की सूची संलग्न की जाय।
3. प्रस्ताव में संलग्न चयनित संरेखण की के0एम0एल0 फाईल मौके पर की गई मार्किंग से भिन्न पाई गई। अतः मौके पर की गई मार्किंग के अनुसार ही के0एम0एल0 फाईल तैयार कर प्रस्ताव में संलग्न की जाय।
4. मौके पर चयनित संरेखण की पूर्ण मार्किंग की जाय।

उपरोक्त कमियों का पूर्ण निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करें, तत्पश्चात् प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जानी संभव होगी। आप द्वारा प्रेषित प्रस्ताव मूल सहित 05 प्रतियों में उपरोक्तानुसार संशोधन हेतु संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

o/c